# प्रेस विज्ञप्ति

## आईआईएफसीएल ने लगातार चौथे साल उच्चतम स्वीकृतियां और संवितरण और अब तक का सबसे अधिक मुनाफा हासिल किया, वित्त वर्ष 2020 से ~30 गुना की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली, 15 मई, 2024:** इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल) ने लगातार चौथे साल अपने सर्वकालिक उच्च प्रदर्शन की घोषणा की है।

**अब तक की सर्वाधिक स्वीकृतियाँ एवं संवितरण**

कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान क्रमशः 42,309 करोड़ रुपये और 22,356 करोड़ रुपये के अब तक के सबसे अधिक वार्षिक मंजूरी और संवितरण को दर्ज किया, जो पिछले वर्ष के क्रमशः 29,171 करोड़ रुपये और 13,826 करोड़ रुपये के आंकड़े से क्रमशः ~45% और ~62% की वार्षिक वृद्धि है।

31 मार्च, 2024 तक संचयी स्वीकृतियां और संवितरण 2,55,687 करोड़ रुपये और 1,28,004 करोड़ रुपये थे, जिनमें से ~46% संचयी स्वीकृतियां और ~44% संचयी संवितरण पिछले चार वर्षों में प्राप्त हुए। 31 मार्च,

2024 तक आईआईएफसीएल की समेकित स्वीकृतियां और संवितरण क्रमशः ~2.97 लाख करोड़ रुपये और ~1.48 लाख करोड़ रुपये थे।

**अब तक की सर्वाधिक लाभप्रदता की संख्याएँ**

आईआईएफसीएल ने अपना अब तक का सबसे अधिक कर पूर्व लाभ (पीबीटी) रु. 2,029 करोड़ (पिछले वर्ष के 1,277 करोड़ रुपये के पीबीटी से ~59% से अधिक) दर्ज करा। कर पश्चात लाभ (पीएटी) पिछले वर्ष 2022-23 के 1,076 करोड़ रुपये की तुलना में ~44% बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 1,552 करोड़ रुपये हो गया, जो वित्त वर्ष 2019-2020 के पीएटी (कर पश्चात लाभ) से ~30 गुना अधिक है। .

**बढ़ी हुई निवल संपत्ति**

वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी की कुल संपत्ति ~11% बढ़कर 14,266 करोड़ रुपये हो गई (वित्त वर्ष 2022-23 में 12,878 करोड़ रुपये से) और (वित्त वर्ष 2019-20 के 10,306 करोड़ रुपये से ~38%) अधिक है, जिससे सुअवसरों की नई राहें खुल गईं, और आईआईएफसीएल एक्सपोजर सीमा बढ़ाकर बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को अधिक ऋण देगा।

**गुणवत्ता के साथ विकास**

31 मार्च, 2024 तक, आईआईएफसीएल सकल एनपीए अनुपात में 1.61% (पिछले वर्ष में 4.76% और मार्च 2020 तक 19.70% से कम) और शुद्ध एनपीए अनुपात 0.46% (पिछले वर्ष के 1.41% से कम, जो मार्च 2020 मे 9.75% था) के उल्लेखनीय गिरावट के साथ अपनी परिसंपत्ति गुणवत्ता में सुधार करने में सक्षम रहा है।

आईआईएफसीएल की 'ए' और उससे ऊपर रेटिंग वाली संपत्तियों का अनुपात 31 मार्च, 2024 तक बढ़कर ~88% हो गया (मार्च 2023 के ~72% और मार्च 2020 में ~43% से अधिक), जो कंपनी की संपत्ति की गुणवत्ता में निरंतर सुधार का संकेत देता है। .

**मजबूत ऋण पोर्टफोलियो**

कंपनी ने अपने स्टैंडअलोन पोर्टफोलियो में ~21% की सालाना वृद्धि दर्ज की, जो वित्त वर्ष 2022-23 के 42,271 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 51,017 करोड़ रुपये हो गई।

**बांड और इनविट में आईआईएफसीएल का विकास**

बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए लंबी अवधि के ऋण वित्त की उपलब्धता को बढ़ावा देने के लिए, आईआईएफसीएल ने वित्त वर्ष 2021-22 में इंफ्रास्ट्रक्चर बॉन्ड और इनविट्स (InvITs) में निवेश किया। तब से, कंपनी ने 31 मार्च, 2024 तक बॉन्ड और इनविट्स में क्रमशः 8,467 करोड़ रुपये और 11,600 करोड़ रुपये के निवेश के साथ पर्याप्त वृद्धि दर्ज की है।

**आईआईएफसीएल के प्रदर्शन की झलक (स्नैपशॉट)**

***सं. करोड़***

***रू. में***

| विवरण | वि.वर्ष 20 | वि.वर्ष 21 | वि.वर्ष 22 | वि.वर्ष 23 | वि.वर्ष 24 |
|---|---|---|---|---|---|
| वार्षिक स्वीकृतियाँ | 9,337 | 20,892 | 25,120 | 29,171 | 42,309 |
| वार्षिक संवितरण | 6,015 | 9,460 | 10,445 | 13,826 | 22,356 |
| कर पूर्व लाभ (पीबीटी) | -291 | 315 | 590 | 1,277 | 2,029 |
| कर पश्चात लाभ (पीएटी) | 51 | 285 | 514 | 1,076 | 1,552 |
| सकल एनपीए अनुपात | 19.70% | 13.90% | 9.22% | 4.76% | 1.61% |
| शुद्ध एनपीए अनुपात | 9.75% | 5.39% | 3.65% | 1.41% | 0.46% |
| कुल संपत्ति | 52,147 | 55,525 | 56,964 | 59,485 | 65,493 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| निवल मूल्य | 10,306 | 10,654 | 11,737 | 12,878 | 14,266 |
| संपत्ति गुणवत्ता (एएए,एए,ए) | 43% | 54% | 64% | 72% | 88% |
| प्रावधान कवरेज अनुपात | 50.51% | 61.24% | 62.75% | 70.48% | 71.53% |
| बकाया ऋण | 33,627 | 36,689 | 39,352 | 42,271 | 51,017 |

**आईआईएफसीएल के बारे में**

आईआईएफसीएल एक सरकारी स्वामित्व वाली वित्तीय संस्था है जो भारत के बुनियादी ढांचा क्षेत्र की दीर्घकालिक वित्तपोषण आवश्यकताओं को पूरा करती है। पात्र बुनियादी ढांचा उप-क्षेत्रों और उत्पाद पेशकशों के मामले में यह सबसे विविध सार्वजनिक क्षेत्र के बुनियादी ढांचा ऋणदाताओं में से एक है। आईआईएफसीएल भारत में विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने और विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न मंचों के माध्यम से सरकार को बुनियादी ढांचे के वित्तपोषण क्षेत्र में इनपुट और नीति समर्थन प्रदान करने में भी सक्रिय है।

**सुभासीस ढल**

महाप्रबंधक, कार्पोरेट संचार